# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, बागपत की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनांक–02.02.2024 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0सं0 95/छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशो के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगणनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमो के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–5–2010–20 स्वजल/2010 (टी0सी0–अ), दिनांक 29 नवम्बर 2019 को संशोधित करते हुये जनपद स्तर पर गठित **"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"** समिति की बैठक **दिनांक–02.02.2024** को जिलाधिकारी महोदय, बागपत की अध्यक्षता में आयोजित की गयी है जिसमें समिति के निम्नलिखित सदस्यों के साथ सम्बंधित खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अभियन्तागण, फर्म/एजेन्सियों के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया:–

1. श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी, बागपत। – अध्यक्ष
2. श्री नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी, बागपत। – उपाध्यक्ष
3. श्री अमित कुमार वर्मा, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या0जल निगम (ग्रामीण), बागपत।– सदस्य सचिव
4. श्री महावीर सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी, बागपत। – सदस्य
5. श्री राहुल भाटी, जिला सूचना अधिकारी, बागपत। – सदस्य
6. श्री सुरेन्द सिंह, जिला वनाधिकारी, बागपत। – सदस्य
7. सुश्री ज्योति बाला, खण्ड विकास अधिकारी, बड़ौत/बिनौली।
8. श्री बाल गोविन्द यादव, खण्ड विकास अधिकारी, खेकड़ा।
9. श्री भंवर सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, छपरौली।
10. श्री अनुज मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी, पिलाना/बागपत।
11. श्री दीपक कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बागपत।
12. श्री विनित कुमार, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन।
13. मो0 हारून, जूनियर इंजीनियर, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बागपत।
14. श्री अनुज कुमार, जूनियर इंजीनियर, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बागपत।
15. श्री हरि प्रसाद शर्मा, जनरल मैनेजर, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा, अहमदाबाद।
16. श्री जिलेश पटेल, इंजीनियर, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा, अहमदाबाद।
17. श्री अनिल कुमार यादव, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर मै0 मेघज टैक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0, बागपत (डी0पी0एम0यू0)।
18. श्री विनित कुमार, आई0एस0ए0 कॉर्डिनेटर, मै0 मेघज टैक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0, बागपत (डी0पी0एम0यू0)।
19. श्री मोनू राणा, ग्रामीण विकास ट्रस्ट नोयडा(इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी)।
20. श्रीमति श्रेया शर्मा, मै0 आर0एम0ई0 सोसाईटी, नई दिल्ली (इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी)।
21. श्री पी. गोविन्द,डी0पी0एम0, मै0 आरवी एशोसिएट्स, मेरठ (टी0पी0आई0)।
22. श्री दिनेश पाण्डेय, सपोर्ट इंजीनियर, मै0 आरवी एशोसिएट्स, मेरठ (टी0पी0आई0)।
23. श्री सुबोध द्विवेदी, सपोर्ट इंजीनियर मै0 आरवी एशोसिएट्स, मेरठ (टी0पी0आई0)।
24. श्री विद्या सागर चौरसिया, मै0 इन्फोटेक सोल्यूशन्स, नोयडा (आई0ई0सी0)।
25. श्री जी0के0 सन्तोषी, मै0 विलसन ग्रीन, लखनऊ(आई0ई0सी0)।

**(i) डी0पी0आर0 विरचन कार्य:–**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप सं0–1197/छिहत्तर–1–2021–25 सम/2019, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1 लखनऊ दिनांक 21.05.2021 के द्वारा भारत सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करने हेतु जनपद बागपत हेतु नामित संस्था मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्राजेक्ट प्रा0लि0 एवं टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, 409 इस्कॉन एलिगेन्टस, निकट जैन मन्दिर, प्रहलाद नगर, कोसिंग रोड, एस0जी0 हाइवे, अहमदाबाद द्वारा विस्तृत प्राक्कलन तैयार कराकर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को उपलब्ध कराने है। पूर्व में 07, 34, 05, 19, 09, 27, 07, 17, 11, 04, 28 एवं कुल 191 ग्रामों की 174 डी0पी0आर0 पाईप पेयजल योजनाओं के विस्तृत प्राक्कलन सम्बंधित फर्म द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को उपलब्ध

कराये गये थे। जिन्हें जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा दिनांक–07.06.2021, दिनांक– 09.07.2021, दिनांक–23.07.2021, दिनांक–31.07.2021, दिनांक–27.08.2021, दिनांक–12.10.2021, दिनांक–22.10.2021, दिनांक–16.09.2022, दिनांक–29.10.2022, दिनांक–18.11.2022, दिनांक–16.12.2022 एवं दिनांक–30.12.2022 को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति, लखनऊ को स्वीकृति हेतु संस्तुति सहित अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया था। जनपद अन्तर्गत 191 ग्राम की 174 पाइप पेयजल योजनाओं की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

**(ii) <u>त्रिपक्षीय अनुबंध गठन/कवर एग्रीमेन्ट का निष्पादन :–</u>**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद बागपत हेतु नामित संस्था मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 एवं टी0सी0ई0एल0 जे.वी. 409 इस्कॉन ऐलिमेन्टस, निकट जैन मन्दिर, प्रहलाद नगर, कॉसिंग रोड, एस.जी. हाइवे, अहमदाबाद द्वारा योजनाओं के कियान्वयन हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन स्तर से अद्यतन स्वीकृत 174 पेयजल योजनाओं के सापेक्ष कुल 174 त्रिपक्षीय अनुबंध गठन किये जा चुके है।

**(iii) <u>कवर अनुबंध के सापेक्ष पेयजल योजनाओं की कार्य स्थल पर निर्माण की स्थिति :–</u>**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बागपत/सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 174 पेयजल योजनाओं का निर्माण कराया जाना है, जिनमें 98964 नग गृह संयोजन तथा 1248 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछायी जानी प्रस्तावित हैं। वर्तमान तक 98964 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 92564 नग गृह संयोजन पूर्ण करा दिये गये है तथा 1248 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 1125 कि0मी0 वितरण प्रणाली पूर्ण है। 33 नग योजनाओं में नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है एवं अन्य योजनाओं में टैस्टिंग का कार्य प्रगति पर है। फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा0 प्रा0लि0, अहमदाबाद के प्रतिनिधि श्री एच0पी0शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि 174 नग पेयजल योजनाओं में से 62 नग पेयजल योजनाओं में सडक पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष योजनाओं में सडक पुर्नस्थापना का कार्य प्रगति पर है। 174 नग पेयजल योजनाओं में लक्षित 149 अवर जलाशय के सापेक्ष 42 नग अवर जलाशय का सिविल कार्य पूर्ण हुआ है जिनमें से 13 नग अवर जलाशय शत–प्रतिशत पूर्ण है तथा 29 नग अवर जलाशय के कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण है (शेष 10 प्रतिशत में फर्श, हैन्डरेल, रंगाई–पुताई एवं पाईप फिटिंग) एवं 75 अवर जलाशय निर्माणाधीन है तथा 21 नग अवर जलाशयों पर कार्य प्रारम्भ नही हुआ है, 11 अवर जलाशयों पर मैनपावर कम हैं। इस सम्बंध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवर जलाशयों पर मैनपावर बढाने हेतु फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा0 अहमदाबाद के प्रतिनिधि श्री एच0पी0शर्मा को निर्देशित करने के साथ तथा अधिशासी अभियन्ता को फर्म के डायरेक्टर को मैन पावर न होने के कारण चेतावनी पत्र/नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। 62 नग पेयजल योजनायें जिनमें सडक पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 33 नग पेयजल योजनायें जिनमें नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है कि सूची उपलब्ध कराने हेतु भी जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया। 33 नग पेयजल योजनायें जिनमें पेयजल आपूर्ति की जा रही है की सूची उपलब्ध कराने के साथ जो योजनायें विद्युत से संचालित है का उल्लेख उक्त सूची में किया जाये, 62 नग योजनायें जिनमें सडक पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण है एवं 82 नग पूर्व निर्मित योजनाओं की जांच अधिशासी अभियन्ता द्वारा तैयार की गयी चैक लिस्ट के अनुसार सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारियों से कराने हेतु मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त सूचियों के अनुसार योजनाओं की जांच बुधवार तक कर ली जाये। साथ ही जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि गृह संयोजन, वितरण प्रणाली, अवर जलाशय को मार्च, 2024 से पूर्व ही पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति सूचारू रूप से करते हुये ग्रामवासियों को शुद्व पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत 174 नग योजनाओं में सम्मिलित 27 नग पुर्नगठन पेयजल योजनाओं की सूची, 11 नग पेयजल योजनाओं की सूची जिनमें अवर

जलाशय निर्माण हेतु मैन पावर उपलब्ध नही है, 21 नग पेयजल योजनाओं की सूची जिनमें अवर जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ नही हुआ है, 32 नग पेयजल योजनाओं की सूची जिनमें पेयजल आपूर्ति नियमित रूप से चालू है, 62 नग ग्रामों की सूची जिनमें सड़क पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण है, 82 नग पेयजल योजनायें जो पूर्व से सम्बंधित ग्राम पंचायतों को हस्तान्तरित है कि सूची चैक लिस्ट सहित एवं विकासखण्डवार नामित संस्था के कार्यरत साईट इंजीनियर तथा उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अवर अभियन्ताओं की सूची मोबाईल नम्बर सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पेयजल योजनाओं के विभिन्न घटको को पूर्ण करने की समय सारणी उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद मे कार्यरत आई0एस0ए0 मै0 ग्रामीण विकास ट्रस्ट, द्वारा जल मूल्य शुल्क वसूली के लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्त जल मूल्य शुल्क के सम्बंध मे जानकारी चाही गयी जिसके सम्बंध में आई0एस0ए0 के प्रतिनिधि श्री मोनू राणा द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा 82 नग पेयजल योजनाओं में जल मूल्य शुल्क वसूली हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया था जिनमें 66559 नग गृह संयोजनों से रू0 50/- प्रति गृह संयोजन के अनुसार रू0 33,27,950/- की वसूली की जानी थी जिसमें से 37 योजनाओं में 22000 गृह संयोजनो रू 11.00 लाख की वसूली की गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि उक्त 82 नग पेयजल योजनायें जिनमें जल मूल्य शुल्क वसूली की गयी है, को प्रतिशतवार ( 0 प्रतिशत, 1-25 प्रतिशत, 26-50 प्रतिशत, 51-75 प्रतिशत, 76-99 प्रतिशत एवं 100 प्रतिशत) बांटते हुये सम्बंधित ग्रामों की सूची उपलब्ध करायी जाये।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्म मै0 एल0सी0इन्फ्रा प्रा0लि0, अहमदाबाद, आई0एस0ए0 एजेन्सी एवं अन्य आई0ई0सी0 एजेन्सियों के साथ आगामी शुक्रवार को बैठक करने के साथ प्रत्येक सप्ताह बैठक करने हेतु निर्देशित किया गया।

अन्त में सभी का आभार व्यक्त करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा बैठक का समापन किया गया।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति बागपत

पृ0सं0 288 / विविध-3/ 12 दिनांक- 3-2-2024

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, प्रथम तल, मल्टीपरपज हॉल, किसान बाजार, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता (मेरठ क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मेरठ।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मेरठ।
6. जिलाधिकारी, बागपत।
7. मुख्य विकास अधिकारी, बागपत।
8. जिला विकास अधिकारी, बागपत।
9. जिला वनाधिकारी, बागपत।
10. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बागपत।
11. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बागपत।
12. अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई, बागपत।
13. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, बागपत ।
14. जिला कृषि अधिकारी, बागपत।
15. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, बागपत।
16. उपजिलाधिकारी, बागपत/बड़ौत/खेकड़ा।
17. खण्ड विकास अधिकारी, बागपत/बड़ौत/खेकड़ा/पिलाना/बिनौली/छपरौली।
18. मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्राजेक्ट प्रा0लि0 एवं टी0सी0ई0एल0 जे0वी0,अहमदाबाद।
19. मै0 आर0एम0ई0 समुदाय बाल विकास सोसाईटी, नई दिल्ली-110044.
20. ग्रामीण विकास ट्रस्ट, ए-विंग, कृभको भवन, ए-10, सेक्टर 1 नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर।
21. मै0 मेधज टैक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0, मेधज टॉवर, आशियाना कानपुर रोड, लखनऊ-226012

3/2/2024

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति बागपत